समाचार

# प्रभु श्रीराम अपने सर्वोत्तम जीवन चरित्र के कारण मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाएं–सुशांत शुक्ला

## (घंटाघर मैदान में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आयोजित भव्य रामलीला के चौथे दिन भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने किया भक्ति रस का रसास्वादन)



कोरबा 01 अक्टूबर 2025 –प्रभु श्रीराम अपने सर्वोत्तम जीवन चरित्र के कारण मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाएं, उन्होने अपनी जीवनलीला के दौरान समाज के सामने जो आदर्श रखें, जो मर्यादाएं स्थापित की वे आज भी उतनी ही प्रासांगिक हैं, जितनी की तत्समय में थीं। प्रभु श्रीराम ने वंचित समाज को गले लगाया, उन्हें अपना मित्र व सहयोगी बनाया। उन्होने कहा कि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा रामलीला का बहुत ही सुंदर आयोजन किया गया है, जिसके लिए मैं उन्हें बधाई व साधुवाद देता हूॅं।

उक्त बातें नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आयोजित रामलीला में बतौर मुख्य अतिथि की आसंदी से बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने कही। यहाॅं उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत 28 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक कोरबा के घंटाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान में भव्य रामलीला व दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, बनारस की '' देवशक्ति इंटरटेनमेन्ट '' रामायण मण्डली के द्वारा रामलीला का भव्यतम स्वरूप प्रस्तुत किया जा रहा है। आयोजन के चौथे दिवस बुधवार को बेलतरा विधानसभा के विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने कार्यक्रम का मुख्य आतिथ्य ग्रहण किया, उन्होने श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना कर चौथे दिवस की रामलीला का शुभारंभ कराया। इस मौके पर विधायक श्री शुक्ला ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन में सदैव संघर्ष रहा, उन्होने लगातार संघर्ष किया किन्तु अपने धर्म का परित्याग कभी नहीं किया, अपने आदर्शो से कभी नहीं हटे। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ में रामराज्य की स्थापना के लिए हम सब मिलकर कार्य करें, मैं यह कामना करता हूॅं। विधायक श्री शुक्ला ने

निगम द्वारा आयोजित रामलीला के आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत ही सुंदर आयोजन महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा कराया गया है, यहॉ आकर तथा दर्शकों की भारी संख्या देखकर हृदय प्रफुल्लित है। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया के युग में जब हर कोई मोबाईल में ही व्यस्त रहता है किन्तु आज देखने को मिल रहा है कि लोगों के मन में सनातन के प्रति, धर्म के प्रति और इस रामलीला के प्रति कितना लगाव व उत्साह है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने रामलीला आयोजन हेतु मिली प्रेरणा तथा आयोजन की पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला, उन्होने कहा कि निगम द्वारा आयोजित की जा रही इस भव्य रामलीला में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भाई–बहन भक्ति रस का रसास्वादन कर रहे हैं तथा व्यापक संख्या में दर्शकों का समर्थन व प्यार हमारे रामलीला को प्राप्त हो रहा है।

**अतिथियों का सम्मान**– इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने मुख्य अतिथि विधायक श्री सुशांत शुक्ला, श्रीमती रामकुमारी देवांगन, श्री देवेन्द्र पाण्डेय, श्री सूर्यकुमार पाण्डेय सहित अन्य अतिथियों का शाल, श्रीफल व स्मृतिचिन्ह भेंटकर उनका स्वागत सम्मान किया।

**सेतुबंध सहित विभिन्न प्रसंगों का हुआ मनोहारी मंचन** – रामलीला के चौथे दिवस आज सेतुबंध, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ रावण वध व राज्याभिषेक आदि प्रसंगों का मनोमुग्धकारी मंचन किया गया, वहीं अंतिम दिवस 02 अक्टूबर को लेजर शो में रामायण प्रदर्शन, आतिशबाजी एवं रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें।

आज आयोजन के दौरान श्रीमती रामकुमारी देवांगन, देवेन्द्र पाण्डेय, सूर्यकुमार पाण्डेय, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, आयोजन समिति के सचिव अशोक चावलानी, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल, चन्द्रकिशोर श्रीवास्तव, चन्द्रमा सिंह राजपूत, कमलेश यादव, संजय सिंह, अशोक सिंह, आरिफ खान, पार्षद मुकुंद सिंह कंवर, युगल कैवर्त, पंकज देवांगन, फिरतराम साहू, उमाभारती सराफ, वैशाली रत्नपारखी, संदीप सहगल, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, सुरेश बरूआ, नोडल अधिकारी अखिलेश शुक्ला व पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, लीलाधर पटेल, राहुल मिश्रा सहित निगम के पार्षद, जनप्रतिनिधिगण एवं हजारों की संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे।